दिन–गुरूवार दिनांक– 27 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्‌घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि स्काईरूट का इन्फिनिटी कैंपस भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि देश अपने नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता, युवा शक्ति और उद्यमिता के साथ नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग और निगरानी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभाग के वरीय अधिकारियों को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यों को समयबद्ध तरीके पूरा करने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए निगरानी विभाग की महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील भूमिका है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। गौरतलब है कि इन दोनों विभागों की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के पास ही है।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित

करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

———————————————————————————

कांग्रेस पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के कारणों की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में सभी उम्मीदवारों की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में विधानसभा चुनाव में जीते और हारे सभी उम्मीदवारों को बुलाया गया है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल हार के कारणों की सीटवार समीक्षा कर रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समीक्षा के दूसरे दिन आज शाहाबाद क्षेत्र के प्रत्याशियों के साथ हार के कारणों पर विचार—विमर्श कर रहें हैं। पार्टी में समीक्षा का यह दौर दो चरणों में चलेगा। समीक्षा का पहला चरण तीस नवम्बर तक और दूसरा चरण छह से नौ दिसम्बर तक चलेगा।

———————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में पश्चिमी हवा के प्रभाव से औसत तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम भागों में विभिन्न स्थानों पर घना कोहासा छाया रहा। कुहासे के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन—चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है, जिसके प्रभाव से ठंड बढ़ेगी।

———————————————————————————

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने साठ—साठ हजार रूपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

———————————————————————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के वर्षगांठ के अवसर पर शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं और आम लोगों ने बाल विवाह से मुक्ति के लिए संकल्प लिया।

———————————————————————————————————————

बेगूसराय के सदर प्रखंड अंतर्गत सूजा पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपना वेबसाइट बनाया है। अपना वेबसाइट बनाने वाला यह राज्य का पहला विद्यालय है।

———————————————————————————————————————

शिवहर जिले के तरयानी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवहर–मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर वासठपुर पुल के पास एक कार के ट्रक से भीषण टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————————————————

समाप्त